तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026

13 कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क, भानुप्रतापपुर में मॉक ड्रिल आयोजित



13 एसटीएफ बटालियन कैंप जंगलवार में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### दिवंगत कर्मी के परिजनों को मिली अनुग्रह राशि



**दुधावा।** शासन के नियमानुसार दिवंगत शासकीय कर्मचारी के आश्रित को अनुग्रह राशि प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारवंडी में पदस्थ शत्रुघ्न नेताम व्याख्याता का कुछ समय पूर्व निधन हो गया था। शासन द्वारा स्वीकृत 50 हजार रूपएं कि अनुग्रह सहायता राशि उनके आश्रित अंजूलता नेताम को प्राचार्य व डीडीओ सेजेस दुधावा गोवर्धन रामटेके एवं व्याख्याता परन सिंह वट्टी के द्वारा उनके गृह ग्राम देवरी बालाजी में नगद प्रदान किया गया। अधिकारियों ने दिवंगत कर्मचारी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा शासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### बैल से टकराकर घायल हुए युवक की हुई मौत



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आवासपारा कुडाल के पास सड़क दुर्घटना में पटेलपापरा कोरर निवासी 26 वर्षीय मुकेश कुमार दर्रो पिता दिलीप लाल दर्रो का मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बाइक में सवार था। अचानक बैल रास्ते में आने से टकरा गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आया व 5 मार्च का उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत कारकोदा निवासी 18 वर्षीय संजीत उसेंडी पिता नेतराम उसेंडी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 5 मार्च को रात 11 से सुबह 6 बजें के बीच अज्ञात कारणों के चलते खेत लाड़ी में फांसी लगा लिया, जिससे उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## अपराध : कांकेर पुलिस ने 24 घंटे में चोरी का किया पर्दाफाश

# किराना दुकान में ताला तोड़कर चोरी दो गिरफ्तार, बाइक और औजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरी की वारदात का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने शहर के एक किराना दुकान का ताला तोड़कर नगदी व खाने-पीने का सामान चोरी कर लिया था।

■ चोरी की रकम और सामग्री पुलिस ने किया बरामद

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया और उनके कब्जे से चोरी की रकम, घटना में प्रयुक्त औजार तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 45 वर्षीय नीमेश ठक्कर ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी जय अंबे किराना स्टोर दुकान में अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रार्थी ने बताया कि 5 मार्च की रात लगभग 9:30 बजे वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन 6 मार्च की सुबह लगभग 9 बजे जब वे दुकान पहुंचे तो दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। दुकान में रखे चिल्हर पैसे और कुछ खाने-पीने के सामान गायब थे। प्रार्थी की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली कांकेर में अपराध क्रमांक 88/2026 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल आसपास के क्षेत्र में पूछताछ शुरू की और मुखबिरों को भी सक्रिय किया।जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटना में शामिल दो युवक गड़िया पहाड़ के नीचे घूमते हुए देखे गए हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को 7 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।



### नकदी व सामग्री जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 1 हजार 711 रुपएं के सिक्के, घटना में उपयोग किए गए लोहे का सब्बल, पेंचिस और पेचकस, तथा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 8188 जब्त की है। बरामद राशि में से 900 रुपएं शिवा बाल्मिकी के पास से तथा 811 रुपएं भरत साहू के पास से बरामद किए गए।



कांकेर थाने के निकट किराना दुकान में सेंधमारी, पुलिस ने खंगाले कैमरा फुटेज

### टीम में यह रहे शामिल

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में प्रधान आरक्षक दिनेश कुलदीप, कौशल साहू तथा आरक्षक रूद्र जुर्री, रामू जुर्री और अनिल मरकाम शामिल रहें।

### दो आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों की पहचान टिकरापारा कांकेर निवासी 26 वर्षीय शिवा बाल्मिकी और एमजी वार्ड कांकेर निवासी 24 वर्षीय भरत साहू के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने जय अंबे किराना स्टोर का ताला तोड़कर दुकान से चिल्हर पैसे और कुछ खाद्य सामग्री चोरी की थी। बाद में गड़िया पहाड़ के पास जाकर दोनों ने चोरी की रकम आपस में बांट ली और कुछ सामान खाकर व खर्च कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी शिवा बाल्मिकी के खिलाफ थाना कांकेर में पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसका नाम थाना के गुण्डा बदमाशों की सूची में भी शामिल है।

## साइट से 3.91 लाख की निर्माण सामग्री चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के नरहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधावा चौकी इलाके में निर्माणाधीन साइट से लाखों रुपएं की निर्माण सामग्री चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चोरी कि शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुंचे वृंदावन कॉलोनी जगदलपुर निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद फैज ने पुलिस को बताया कि जिलानी इंजीनियरिंग एंड एसोसिएट के संचालक हैं। उन्होंने भारतमाला परियोजना के तहत डीबीएल कंपनी से ब्रिज एवं कलवर्ट निर्माण का ठेका 1 अगस्त 2024 को लिया था। इसके तहत दुधावा के नयापारा के पास निर्माण कार्य चल रहा था, जहां बिहार और झारखंड से आए मजदूर कार्य कर रहे थे। प्रार्थी ने पुलिस को आगे बताया कि 14 अप्रैल 2025 को सुपरवाइजर धरमपाल मेहता और उसके सहयोगी रूपक रंजन सिंह को डीबीएल कंपनी से जारी निर्माण सामग्री दी गई थी। कार्य पूर्ण होने के बाद बची हुई सामग्री साइट पर ही रखी हुई थी। 5 मई 2025 को धरमपाल मेहता अपने घर झारखंड चला गया और शेष मजदूरों को लेकर वापस आने की बात कही, जबकि साइट पर रूपक रंजन सिंह काम देख रहा था। 18 मई 2025 को जब उन्होंने रूपक रंजन सिंह को फोन किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद 19 मई 2025 को वह साइट का निरीक्षण करने दुधावा नयापारा पहुंचे। वहां जाकर देखा कि साइट पर रखी निर्माण सामग्री और मजदूर दोनों ही मौजूद नहीं थे। बाद में डीबीएल कंपनी के अधिकारियों के साथ सामग्री का मिलान करने पर करीब 3 लाख 91 हजार 640 रुपएं की सामग्री कम पाई गई।

साइट के पास कार्य कर रही दूसरी कंपनी के मजदूर संदीप कुमार ने को बताया कि 18 मई 2025 की रात करीब 12 बजे एक पिकअप वाहन में लगभग छह लोग आए और साइट पर रखी सामग्री लेकर चले गए। चोरी गई सामग्री की सूची डीबीएल कंपनी से प्राप्त होने के बाद प्रार्थी ने 6 मार्च को दुधावा चौकी पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अटल योजना के तहत हुए आपरेशन 14 बुजुर्गों को आंखों की रौशनी मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समाज कल्याण विभाग की जनकल्याणकारी योजना अटल वयो अभ्युदय योजना जिले के बुजुर्गों के लिये वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत कांकेर जिले के 14 वरिष्ठ नागरिकों को मोतियाबिंद के निःशुल्क उपचार के लिए एम्स रायपुर भेजा गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक से उनका सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद सभी हितग्राहियों की दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार आया है और उनकी स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई गई है। इस पूरी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने पहले स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताएं पूरी की।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने योजना के सफल क्रियान्वयन पर जिले के सभी विकासखंडों में सर्वे कर पात्र वृद्धजनों की पहचान करने के निर्देश दिए है और साथ ही ऑपरेशन के बाद नियमित फॉलोअप और दवा वितरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस पहल के माध्यम से बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें एक स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन दिया जाए। समाज कल्याण के उप संचालक ने बताया कि लाभान्वित होने वालों वरिष्ठ नागरिकों में गिरवर नांदिया, मनराखन कुंजाम, मोहन कोर्राम, रामकुवंर टेकाम, प्रेमबती सलाम, इतवारिन कोर्राम, उजारो बाई, रजेल सिंह नेताम, सुंदरी नेताम, तुलाराम टेकाम, रामलाल दर्रो, हरिचंद दर्रा, कमला दर्रो, कामताप्रसाद विश्वकर्मा सहित नरहरपुर और भानुप्रतापपुर क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं।

### शांत रहने की समझाइश दी तो कर दी पिटाई



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम बांसला में रात को एक युवक हल्ला मचा रहा था। शोर गुल को सुनकर ग्रामीणों ने विरोध किया तो युवक के साथ उनके अन्य साथियों ने गाली देना शुरू कर दिया व आवेश में आकर मारपीट किया। थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंचे नयापारा बांसला निवासी 20 वर्षीय टेमन लाल हिड़को पिता स्व. कपिल रोम हिड़को ने पुलिस को बताया कि 5 मार्च को रात लगभग 9 बजें नयापारा बांसला के रहने वाला पवन पद्दा हमारे घर के सामने गाली गलौच कर रहा था, जिसे मेरे एवं परिवार के सदस्य द्वारा गाली देने से मना करने पर पवन पद्दा, अनुराग पद्दा, चिन्तु कोमरे एवं मंगतु कोमरे के द्वारा हमारे साथ गाली गलौच व जान से मारने कि धमकी देकर हाथ-मुक्का व पैर से मारपीट किया। मुझे व मेरे भाई शिवप्रसाद, बहन रीना हिड़को के साथ आरोपियों द्वारा मारपीट करने से छाती दाहिना पैर व सिर मे चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पवन पद्दा, अनुराग पद्दा, चिंतु कोमरे और मंगतू कोमरे के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## ढाबे में शराब परोसने पर संचालक के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री और सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए चारामा स्थित पप्पू ढाबा पर छापामार कार्रवाई की है। इस मामले में पुलिस ने ढाबा संचालक को रंगे हाथों पकड़कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था उक्त ढाबा में अवैध रूप से शराब परोसा जाता है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 6 मार्च ढाबे पर दबिश दी। पुलिस वाहन को देखते ही ढाबे में शराब पी रहे अन्य व्यक्ति मौके से भागने में सफल रहे। ढाबा संचालक वार्ड क्रमांक 8 चारामा निवासी 39 वर्षीय पप्पू ऊर्फ इलाबुद्दीन खान ने पूछताछ के दौरान जुर्म करना स्वीकार करते हुए बताया कि ढाबे पर ग्राहकों को शराब पीने की सुविधा देता है। पुलिस द्वारा वैध लाइसेंस या दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका और लिखित में अपनी असमर्थता जताई। पुलिस ने मौके से 1 नग भरी हुई रोमियो देशी प्लेन मंदिरा, 2 नग खाली पौवा शीशी, 5 नग डिस्पोजल गिलास को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36 (सी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

## नर्सरी में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर धारदार हथियार से वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम सिरसिदा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित टीकेश्वर टांडिया जब गांव की नर्सरी की ओर घूमने गया था, तभी आरोपी अजीत मरकाम ने उसे अकेला पाकर गाली-गलौज करते हुए उसके गर्दन के पास हमला कर दिया। हमले में घायल युवक ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे सिरसिदा निवासी टीकेश्वर टांडिया पिता रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 6 मार्च को शाम लगभग साढ़े 5 बजे गांव के नर्सरी की ओर घुमने गया था। इसी दौरान गांव का अजीत मरकाम अपने खेत की ओर से आ रहा था। मुझे गांव के नर्सरी के पास अकेला देखकर पुराना झगड़ा कि बात को लेकर जबरन मुझे गाली देते हुए कहने लगा कि इधर क्या करने आया है। अचानक किसी धारदार वस्तु से मेरे गर्दन के नीचे बांए तरफ मारकर चोट पहुंचाया, जिसे मेरे गर्दन के नीचे बांए तरफ चोट लगा। मुझे पुनः मारने के लिए दौड़ाने लगा, जिसे मैं भयभीत होकर वहां से कैसे भी जान बचाकर निकला। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अजीत मरकाम के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कोदापाखा का दो दिनी मेला 17 से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के कोदापाखा में 17-18 मार्च को दो दिवसीय पारंपरिक वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की शुरुआत देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना और परिक्रमा के साथ होगी। इस मेले में आसपास के गांवों से श्रद्धालु और व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। ग्राम पंचायत और ग्रामीण मिलकर आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और पारंपरिक संस्कृति को बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


## मासूम से दुष्कर्म के दो आरोपी युवक गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत एक ग्राम में दो युवक महुआ चोरी करने के लिए एक घर में घुसे। घर में सो रही 6 वर्षीय नाबालिग को दोनो युवक उठाकर अपने साथ ले गए और दोनो युवको ने दुष्कर्म किया।

अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक योगेश साहू ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि पीड़िता के परिजन जब रात को 12 बजें जगे और 6 वर्षीय बेटी जो दादी के साथ सोई थी वह नजर नही आने पर आसपास खोजते रहें। पता नही चलने पर सुबह होते ही 7 मार्च को थाना कांकेर में घटना की जानकारी पुलिस को दिया। घटना की घबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और नाबालिग कि खोजबीन किया गया। पुलिस को घर से 300 मीटर कि दूरी पर सोते हुए मिली। पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल जांच कराय। वही पुलिस कि दुसरी टीम गांव में आरोपियों की तलाश कर रही थी, उसी दौरान संदेही हाटकोंगेरा निवासी अमित जैन और सिदेसर निवासी रोहित कुमार जैन को थाना लाया गया। दोनो युवको से पूछताछ करने पर नाबालिग से दुष्कर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनो युवको को दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



20 वर्षों से
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी 9340638884



7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुक्मणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026 | 04 अप्रैल, 2026 | 04 जून, 2026 | 14 जून, 2026 | 29 जुलाई, 2026 | 11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



**गीदम।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण वर्तमान संचालित जावंगा का औचक निरीक्षण अपर कलेक्टर राजेश पात्रे ने किया। निरीक्षण के दौरान जिला नोडल अधिकारी कमल कर्मकार तथा प्राचार्य कुलदीप सिंह भी उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर पीएमश्री योजना अंतर्गत संचालित शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से स्मार्ट कक्षाओं, कम्प्यूटर लैब, आईसीटी लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, खेल मैदान, छात्रावास व्यवस्थाओं तथा मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं संचालन प्रणाली का परीक्षण किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में जलभराव की स्थिति तथा उससे संबंधित व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक पहल सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

### 2 माह का राशन वितरण इसी माह में होगा

**दंतेवाड़ा।** जिले के राशन कार्डधारियों को माह मार्च में 2 माह का राशन एकमुश्त वितरण किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार जिले के ऐसे राशन कार्डधारी जिन्हें माह फरवरी का राशन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें वर्तमान माह मार्च में माह फरवरी एवं मार्च दोनों माह का राशन एकमुश्त वितरण किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले के प्रदाय केन्द्रों में माह फरवरी में आबंटन अनुसार चावल की उपलब्धता पूर्व में कम होने के कारण नागरिक आपूर्ति निगम के चावल उपलब्धता वाले प्रदाय केन्द्रों से एलआरटी परिवहन एवं खरीफ वर्ष 2025-26 में चावल उपार्जन किया जाकर उचित मूल्य दुकानों में चावल का भण्डारण कराया जा रहा है।

# बादल छाए रहने के कारण आम के बौर पड़ रहे काले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



इस वर्ष फरवरी के मध्य बादल छाए रहने के कारण आम के बौर काले पड़ गए। कलमी आम में फल झड़ने और मंजरी डेमेज होने की शिकायत ज्यादा देखने को मिल रही है।

फलों के राजा आम के शौक़ीनो के लिए यह चौंकाने वाली बात है। कलमी आम, बैंगन फली, लंगड़ा, दशहरी, बांबे ग्रीन, सिंदूरी नंदीराज आदि के पेड़ों में आम के बौर खराब हो गए। फूल ख़राब होने से औसत फलन में कमी आएगी। फरवरी महीने में 13 तारीख के बाद लगातार कुछ दिनों तक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में बदली का मौसम रहा। प्रतिकूल मौसम के कारण फूल काले पड़ गए हैं।

मांग के अनुरूप पूर्ति नहीं होने के कारण आचार व मुरब्बा के लिए आम की कीमत बढ़ सकती है। वही सीजन में पके आम के दाम में उछाल संभव है। अमचूर संग्राहकों की कमाई और रोजगार प्रभावित होने की संभावना है। देशी आम के बागानों में भी फल की स्थिति ठीक नहीं है। गत वर्ष अमचूर का रेट 90 से 100 रूपये प्रति किलो रहा। इस सीजन में भी अमचूर का शुरुआती कारोबार 90 पर स्थिर रहने का अनुमान है।बारसूर एरिया के संग्राहक स्थानीय साप्ताहिक बाजार के अलावा गीदम में भी अमचूर की बिक्री कर मुनाफा कमाते हैं। थलेश ठाकुर ने बताया कि कलमी आम के बौर खराब मौसम के चलते काले पड़ गए। बैगन फली, तोता फली लंगड़ा सिंदूरी और बांबे ग्रीन को नुकसान हुआ है। इस समय कलमी आम फ्रूट सेटिंग स्टेज में है। कही- कहीं पर फल झड़ रहे हैं, इससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आम की कीमत में भी इजाफा से इंकार नहीं किया जा सकता।

## ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री ने वृद्धा आश्रम में मनाया होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री संतोष साहू ने अपने परिवार के साथ वृद्धा आश्रम हारम गीदम में होली पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने माता-बहनों और बुजुर्गों के साथ खुशियाँ बाँटी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संतोष साहू ने कहा कि उनका प्रयास है कि समाज के हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान बनी रहे और कोई भी स्वयं को अकेला न महसूस करे। उन्होंने कहा कि होली पर्व रंगों का त्योहार है, जो लोगों को एक साथ लाता है और खुशियों का संचार करता है।

### टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर कागजात व परमिट की जांच की

# परिवहन विभाग के बेरियर में सीमावर्ती राज्य की 775 वाहनों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परिवहन विभाग ने अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर सीमावर्ती राज्यों से आने वाले 775 वाहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, जिन पर कार्रवाई की है।

इस कार्रवाई में अवैध संचालन, कर चोरी और परमिट नियमों के उल्लंघन के मामलों में

■ धनपूंजी स्थित बेरियर में चलाया गया अभियान



भारी जुर्माना वसूला गया। यह अभियान सड़क सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए बस्तर जिले के सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी स्थित बेरियर में चलाया गया। मुख्य रूप से सीमावर्ती राज्यों (आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश) से आने वाले यात्री वाहन, माल वाहक और निजी वाहन शामिल है। इसमें अवैध संचालन, बिना टैक्स के वाहन और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन रोकना है। बेरियर की टीम ने सुबह-शाम चेकिंग अभियान चलाकर कागजात और परमिट की जांच की। जांच के दौरान तिरपाल के विरुद्ध 72 वाहनों से एक लाख 44 हजार रूपए राजस्व वसूला गया। साथ ही 40 वाहनों से फिटनेस पर 80 हजार रूपए 63 वाहनों से प्रेशर हार्न हटाकर एक लाख 26 हजार रूपए एवं प्रदूषण प्रमाण नहीं मिलने पर एक लाख 42 हजार रूपए पर कार्रवाई की।

इसके अलावा 5 वाहनों से ई-चालान में एक लाख, सीजी के 229 वाहनों से दो लाख 82 हजार 900, सीमावर्ती राज्यों की 775 वाहनों से 18 लाख 44 हजार 400, यानकर टीपी के एक लाख 35 हजार 310 एवं यानकर पीएसवी पर 60 हजार 790 रूपए यानि 24 लाख 32 हजार 617 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया।

**उल्लंघन पर कार्रवाई जारी**

परिवहन विभाग के धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी एवं निरीक्षक जीवराखन लाल दीवान ने बताया कि वाहनों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सीआरपीएफ सुरक्षा, सहायता व सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

### 219 बटालियन ने की सिविक एक्शन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विकास एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने । साथ ही ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन ने गोरखा कैम्प के आस-पास के गांव के सरपंचों के साथ सिविक एक्शन प्रोग्राम का

■ ग्रामीणों को साईकिल, मच्छरदानी, बर्तन, सौर लालटेन, साड़ी, कम्बल दिए

आयोजन किया। सीआरपीएफ के कोंटा रेंज के डीआईजी राजेश पांडे के मार्गदर्शन में कमाण्डेंट सारथी घोष 219 बटालियन के निर्देशन में गोरखा कैम्प में सिविक एक्शन प्रोग्राम के इस आयोजन में लगभग 200 ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।

कार्यक्रम मे ग्रामीणों को साईकिल, मच्छरदानी, बर्तन, सौर लालटेन, महिलाओ को साड़ी, बुजुर्गो को कम्बल तथ लुंगी, युवाओं को खेल सामग्री तथा पढ़ाई सामग्री दिया गया। डॉ. मोहम्मद इब्राहिम की चिकित्सा टीम के द्वारा ग्रामीणों विशेषकर बुजुर्गो, बच्चों एवं महिलाओं का उचित ईलाज कर आवश्यक दवाईयों का वितरण किया। इस अवसर पर विजय कुमार यादव सहायक कमांडेंट 219 बटालियन ने सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ सभी ग्राम व निवासियों की सुरक्षा, सम्मान, सहायता एवं सहयोग के लिए प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत है।

सीआरपीएफ स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार नए सुरक्षा कैम्प, जन सुविधा केन्द्र, सड़क, बिजली, पानी आदि उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है, जिससे प्रत्येक आदिवासी का व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीआरपीएफ हमेशा उनके साथ खड़ी हैं।

साथ ही आह्वान किया कि वे नक्सलियों के बहकावे में ना आयें, अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा दिलायें, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें व एकजुट होकर क्षेत्र, देश के अग्रणी विकास में भागीदार बने। प्रोग्राम के अंत में सभी ग्रामीणों को भोजन कराया गया।

# रामनवमी पर होगी भव्य शोभायात्रा व चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के सीताराम शिवालय मंदिर में शनिवार की शाम को विश्व हिंदू परिषद और श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा और चुनरी यात्रा निकालने का निर्णय

■ विश्व हिन्दु परिषद व श्रीराम जन्मोत्सव समिति की हुई बैठक

लिया गया है। इन आयोजनों के माध्यम से हिंदू नववर्ष और रामनवमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें युवा शक्ति की भागीदारी और ऐतिहासिक शोभायात्रा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बैठक में कहा कि यह हम सभी का कर्तव्य है कि भगवान राम के जन्मदिवस पर आयोजित भव्य शोभा यात्रा में भाग लें, शोभा यात्रा को भव्य रूप देना हमारा कर्तव्य है।

हिन्दुओं को जातिगत न होकर एक होने की अपील की। बैठक में विहिप के प्रांतीय पदाधिकारी रवि बम्हचारी, जिला अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता, योगेन्द्र कौशिक, राजाराम तोड़ेम, नवीन देवांगन, महापौर संजय पांडे, यशवर्धन राव, जबिता मंडावी आदि शामिल रहे।

# चंद घंटों में ही पुलिस के हत्थे चढ़े गैंगरेप के आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

### दो आरोपी गिरफ्तार, तीन नाबालिग भी पकड़े गए

थाना ईरागांव पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। 5 मार्च को दोपहर लगभग 3 बजे पीड़िता अपनी मां के साथ घर पर थी। इसी दौरान ग्राम बिन्झे के कुछ युवक रंग–गुलाल लगाने के बहाने पीड़िता के घर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता की मां को बहाने से घर से बाहर भेज दिया पीड़िता को अकेला पाकर घर के कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बताया गया कि आरोपी कमलेश मंडावी और संतोष मंडावी सहित अन्य विधि से संघर्षरत बालकों ने बारी–बारी से इस वारदात को अंजाम दिया। इसी दौरान जब पीड़िता की मां वापस लौटी तो आरोपियों को भागते हुए देखा गया। पीड़िता की मां ने दो आरोपियों को पकड़कर डंडे से मारपीट भी की, जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए।



**पुलिस ने तत्काल की कार्रवाई**

पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना ईरागांव में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केशकाल अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी ईरागांव निरीक्षक कोमल राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों के गांव पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी कमलेश मंडावी और मनोज मंडावी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में सभी ने अपराध स्वीकार किया है।

**न्यायालय में पेश किए जाएंगे आरोपी**

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ईरागांव निरीक्षक कोमल राठौर, थाना प्रभारी धनोरा भुनेश्वर नाग, सहायक उप निरीक्षक विनोद चंदेल, अनिता मेश्राम, विष्णु नरेटी, प्रधान आरक्षक सुखबती सलाम, पंचू मरकाम तथा आरक्षक बुधराम मंडावी, हर्षवर्धन नेताम, सरजू मरकाम, मंजीत पोयाम और महिला आरक्षक चंपी नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डीएनके वार्ड में चला तलाशी अभियान चार घरों से अवैध मोटर पंप जब्त



**कोण्डागांव।** नगर पालिका की टीम ने जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए डीएनके वार्ड क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान चार घरों में अवैध रूप से लगाए गए मोटर पंप जब्त किए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि शहर में पानी की आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति लाइन में मोटर पंप लगाना नियमों के विरुद्ध है और इससे अन्य उपभोक्ताओं को पानी मिलने में परेशानी होती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी घर में मोटर पंप का उपयोग करते पाया गया, तो संबंधित घर का नल कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिया जाएगा। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार छापेमार कार्रवाई जारी रहेगी।

**नागरिकों से सहयोग की अपील:** नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जलापूर्ति लाइन में मोटर पंप का उपयोग न करें और पानी का समुचित उपयोग करते हुए प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी नागरिकों को समान रूप से पानी उपलब्ध हो सके।

# सांसद ने ओडिशा में किया गुप्तेश्वर महादेव के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर सांसद ने अपने ओडिशा प्रवास के दौरान सपरिवार प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शबरी नदी के पावन तट पर स्थित यह प्राचीन गुफा मंदिर अपनी धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। सांसद ने भगवान शिव के समक्ष क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर का संबंध रामायण काल से भी जोड़ा जाता है। जनश्रुतियों के अनुसार भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल के दौरान दंडकारण्य क्षेत्र में प्रवास किया था और इसी स्थान पर भगवान शिव की गुप्त आराधना की थी। इसी मान्यता के कारण यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है।

## पेंशनरों के होली मिलन में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संभागीय कार्यालय तेतरकुटी, जगदलपुर में 6 मार्च को आयोजित मासिक बैठक के दौरान पेंशनरों ने होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनरों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द एवं संगठनात्मक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन की गतिविधियों और सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की गई। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष अब तक लगभग 250 पेंशनर संघ से जुड़ चुके हैं। इसी क्रम में 12 नए पेंशनरों को औपचारिक रूप से सदस्यता दिलाई गई। वरिष्ठ सदस्यों ने नए साथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और संगठन से सक्रिय रूप से जुड़े रहने का आग्रह किया। बैठक में पेंशनरों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संगठन से जोड़कर उनकी समस्याओं और अधिकारों के लिए सामूहिक रूप से प्रयास किया जाएगा।

# बस्तर का युवा अब विश्व के पटल पर आगे बढ़ रहा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखंड के छोटे से ग्राम गुदमा के युवा अंकित सकनी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 816वीं रैंक प्राप्त कर पूरे बस्तर संभाग सहित प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अंकित सकनी और उनके पिता चंद्रैया सकनी से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं है। गृहमंत्री शर्मा ने अंकित से संवाद करते हुए उनकी मेहनत, लगन और संघर्ष की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीजापुर जैसे दूरस्थ और आदिवासी अंचल के छोटे से गांव गुदमा से निकलकर यूपीएससी जैसी देश की सबसे कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना अत्यंत प्रेरणादायी उपलब्धि है। यह उपलब्धि न केवल अंकित के परिवार बल्कि पूरे बस्तर और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अंकित से बातचीत के दौरान कहा कि आपने पूरे देश की उम्मीद को जगा दिया है, लोग मुझसे पुछते थे जब नक्सलवाद खत्म होगा तो क्या होगा। आपकी सफलता इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि जब नक्सलवाद खत्म होगा तो बस्तर में शांति और विकास का वातावरण बनेगा तो यहां के युवा अपनी प्रतिभा के बल पर देश ही नहीं बल्कि विश्व के पटल पर आगे बढ़कर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# क्षमता से अधिक स्कूली छात्र छात्राओं को बैठा रहे ऑटो में

**जगदलपुर।** चित्रकोट मार्ग पर करंजी के पास स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंताजनक स्थिति देखी गई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करंजी के बच्चे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। नियमों को ताक पर रखकर एक ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाया जा रहा है। इस व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में जरा सी चूक किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। अभिभावक और स्कूल प्रबंधन मौन हैं । जागरूक नागरिकों ने यातायात विभाग और जिला प्रशासन से इस लापरवाही को तत्काल संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई की मांग की है।



## महिला दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता आज

**जगदलपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन में बैडमिंटन, एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो एवं रस्साकसी की प्रतियोगिताएं दो आयु वर्गों में 9 से 18 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष की बालिका और महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। उक्त खेलों में विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता के तहत क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में वॉलीबॉल, खो-खो, रस्साकसी, एथलेटिक्स 100 मीटर, 400 मीटर दौड़ व तवा फेंक तथा इंदिरा स्टेडियम में फुटबॉल व बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उक्त जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का समापन शाम 4 बजे क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में किया जाएगा।

# जमीन विवाद पर हुई हिंसा पिता ने बेटे को डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



बड़गांव थानांतर्गत ग्राम खेड़ेगांव में जमीन बिक्री की बात को लेकर उपजे विवाद में एक पिता ने अपने ही बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। अपने पिता से बेची गई जमीन के विषय में चर्चा कर रहा था, तब आवेश में आकर उसके पिता और एक अन्य साथी ने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और लकड़ी के डंडे व मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे खेड़ेगांव निवासी 35 वर्षीय धनाजी राम बोगा ने पुलिस को बताया कि खेती मजदूरी का काम करात हूं। मेरे पिता अंकालू राम बोगा और लिलेश मरई 5 मार्च को घर आंगन में मौजूद थे। रात करीबन साढ़े 8 बजें खाना खाकर उठा था और घर आंगन में बैठकर मेरे पिता के द्वारा बिक्री किए हुए जमीन की बात को लेकर बात चीत कर रहें थे। उसी समय मेरे पिता अंकालू राम और लिलेश मरई के द्वारा आक्रोश होकर गाली देना शुरू कर दिए। मेरी जमीन है, बेंचू व कुछ भी करू तुमको क्या लेना देना है बोलकर दोनो के द्वारा मुझे जान से मार दूंगा बोलते हुए हाथ मुक्का व लकड़ी के डण्डा से मारपीट करने लगे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अंकालू राम बोगा और लिलेश मरई के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की जिला बैठक 9 को

**भानुप्रतापपुर।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की जिला स्तरीय बैठक 9 मार्च को रेस्ट हाउस भानुप्रतापपुर में बैठक सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष माधेश्वर जैन ने बताया कि बैठक में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की जिला कार्यकारिणी के समस्त सदस्य, विभिन्न सामाजिक संगठनों के जिला अध्यक्ष व सचिव, सभी ब्लॉक अध्यक्ष व सचिव, परिक्षेत्र अध्यक्ष-सचिव, युवा प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित संभाग के लिए नामित कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### रसोइया संघ 10 को करेगा बीईओ कार्यालय का घेराव

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़े रसोइयों को कार्य से हटाए जाने के विरोध में रसोईया संघ ने आंदोलन का निर्णय लिया है। संघ के पदाधिकारियों ने 10 मार्च को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्गुकोंदल का घेराव करने की घोषणा की है। रसोईया संघ के अनुसार मध्यान्ह भोजन योजना में कार्यरत रसोइया संध्या उयके, प्रवीण बघेल और सविता उयके को बिना किसी ठोस कारण के कार्य से हटा दिया गया है। इस कार्रवाई से रसोईया संघ के सदस्यों में नाराजगी है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत गावड़े और सचिव घनश्याम बघेल ने बताया कि बिना उचित कारण के रसोइयों को हटाना अनुचित है और इससे अन्य रसोइयों में भी असंतोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इसी के विरोध में 10 मार्च को बड़ी संख्या में रसोईया संघ के सदस्य खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे और अपनी मांगों को प्रशासन के सामने रखेंगे। संघ का कहना है कि जब तक हटाए गए रसोइयों को पुनः कार्य पर नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। इस घेराव कार्यक्रम को समर्थन देने के लिए रसोईया संघ के प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे और साथ ही जिले के सभी विकासखंडों से संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के पहुंचने की संभावना है।

### पांच पीड़ित परिवारों के लिए 20 लाख की आर्थिक मदद मंजूर

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने, नदी एवं तालाब में डूबने से मृत्यु होने के 05 प्रकरणों में मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार-चार लाख रूपए की मान से 20 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। कोयलीबेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम कटगांव निवासी 45 वर्षीय चैतुराम की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी मंगलीबाई आंचला के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम वाला निवासी 38 वर्षीय मानकू राम पुड़ो की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी प्रमिला पुड़ो के चार लाख रूपए स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बांदे तहसील के ग्राम पी.व्ही.110 मणिपुर निवासी 42 वर्षीय अंजना मल्लिक की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित बिमल मल्लिक के लिए चार लाख रूपए, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम घोठा की हेमंत धुरव के तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता श्रीराम और दामिनी को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए तथा पखांजूर तहसील ग्राम पिनकोड़ो निवासी 17 वर्षीय रामकुमार कोला की तालाब में डूबने से उनके निकटतम आश्रित देवसूराम कोला और जननी कोला के लिए संयुक्त रूप से चार लाख रूपए कलेक्टर द्वारा राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान हितग्राहियों को संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

## निधन

### देवजा नरेटी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कालागांव निवासी देवजा नरेटी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कालागांव में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

# कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क, भानुप्रतापपुर में मॉक ड्रिल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से 7 मार्च को जिले के भानुप्रतापपुर अनुभाग में मॉक ड्रिल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह जिले में आयोजित मॉक ड्रिल प्रशिक्षण का तीसरा सत्र रहा। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के मुल्ला कैंप में आयोजित इस अभ्यास में अनुभाग के सभी थानों के पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हुए। मॉक ड्रिल का आयोजन पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शेर बहादुर सिंह और उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) गिरिजा शंकर साव द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भानुप्रतापपुर अनुविभाग के पुलिस बल के साथ डीआरजी की दो टीमों सहित करीब 120 जवान उपस्थित रहें। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस बल को दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, प्राकृतिक आपदा और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था तथा संदिग्ध वस्तु या परिस्थिति से सुरक्षित तरीके से निपटने की प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही आपातकालीन संचार प्रणाली की सक्रियता और त्वरित प्रतिक्रिया दल की कार्यशैली एवं समन्वय पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। ड्रिल के दौरान जवानों को आधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरणों, बॉडी प्रोटेक्शन गियर, टियर गैस, शील्ड और हेलमेट के साथ सामूहिक एवं समन्वित कार्रवाई का अभ्यास कराया गया।



### चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा

प्रशिक्षण सत्र के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने पूर्व में घटित घटनाओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। जिले और राज्य के अन्य स्थानों पर हुई घटनाओं से संबंधित वीडियो और फोटोग्राफ्स भी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किए गए, जिससे जवानों को परिस्थितियों के अनुरूप त्वरित निर्णय लेने और संयमित कार्रवाई करने की सीख मिल सके। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित की जाती रहेगी, ताकि पुलिस बल किसी भी अप्रत्याशित परिस्थिति में त्वरित, संगठित और प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने के लिए सदैव तैयार रह सके।

## आठवीं के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

# एनएमएमएसई छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन 20 मार्च तक, मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में जिले में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सत्र 2025-26 के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर उनकी उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा इस परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों को अपने अध्ययनरत विद्यालय में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। विद्यालयों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र 23 मार्च तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों में जमा किए जाएंगे, जबकि केंद्राध्यक्ष द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि की प्रक्रिया पूर्ण कर दस्तावेज मंडल कार्यालय को 2 अप्रैल तक भेजे जाएंगे। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि जिले के अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के दस्तावेज समय पर तैयार कराए जाएं, ताकि किसी भी छात्र को दस्तावेजों की कमी के कारण चयन सूची से वंचित न रहना पड़े। पिछले सत्र 2024-25 के परिणामों में यह पाया गया कि कई विद्यार्थी परीक्षा में सफल होने के बावजूद आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में अंतिम चयन सूची में शामिल नहीं हो सके थे। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सभी विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रधान पाठकों को आवेदन पत्रों की सावधानीपूर्वक जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए यह अनिवार्य है कि विद्यार्थी के माता-पिता या पालक की वार्षिक आय सभी स्त्रोतों से 3 लाख 50 हजार रुपये से अधिक न हो। आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा कक्षा सातवीं की अंकसूची की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। आय प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024-25 का होना चाहिए, जिसे कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार या नायब तहसीलदार द्वारा जारी किया गया हो। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक डीएमसी नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में विद्यालयों में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयारी संबंधी वीडियो भी तैयार किए गए हैं, जिनकी लिंक विद्यालयों को उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि छात्र परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सकें। इसके अलावा जिले के प्रत्येक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा लेकर निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 2 मई को

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन 2 मई को किया जाएगा। परीक्षा दो भागों में आयोजित होगी, जिसमें बौद्धिक योग्यता परीक्षण और शैक्षिक योग्यता परीक्षण शामिल हैं। दोनों प्रश्नपत्रों में 90-90 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित किया गया है। परीक्षा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में आयोजित की जाएगी और इसमें किसी प्रकार का ऋणात्मक अंकन नहीं होगा। जिले के विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी विकासखंड मुख्यालयों में भी परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यदि किसी केंद्र में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होती है तो जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति से उपकेंद्र भी बनाए जा सकते हैं। जिले में इस योजना के अंतर्गत लगातार बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। सत्र 2022-23 में 132, सत्र 2023-24 में 526 तथा सत्र 2024-25 में 356 विद्यार्थी परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त कर चुके हैं, जो राज्य में सर्वाधिक माना जा रहा है।

# आत्मानंद विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल स्थित पीएमश्री स्वामी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दुर्गूकोंदल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य अजय नेताम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें बीएसएफ की 178 वीं वाहिनी के अधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन उपस्थित रहे। वहीं बीएसएफ की ओर से एसआई अभिषेक सागर, एसएम अनिल वर्मा, एसआई रोशन लाल मीना तथा नंदलाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। छात्राओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि यह दिन महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रतीक है। आज हम उन सभी महिलाओं का सम्मान करते हैं जो हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। माँ, बहन, पत्नी और शिक्षक के रूप में महिलाएं हमें जीवन के हर क्षेत्र में प्रेरित करती हैं। महिलाएं केवल घर की जिम्मेदारी ही नहीं निभातीं, बल्कि समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण प्रस्तुत किए और महिलाओं की उपलब्धियों तथा समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। छात्राओं के विचारों और उत्साह ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर संस्था के दिलीप सेवता, सोनिया चौधरी, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, महिला कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहें।

# नेतागिरी के ताने पर ग्रामीण की बेरहमी से पिटाई, देवी पूजा के दौरान हुई झड़प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बड़गांव थानांतर्गत ग्राम सोनपाल में एक धार्मिक आयोजन के दौरान आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आयोजित देवी पूजा में शामिल होने गए ग्रामीण के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने शराब के नशे में जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने पीड़ित पर बाहर से आकर नेतागिरी करने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे सोनपाल निवासी 30 वर्षिय बनेश दुग्गा पिता शंभूराम दुग्गा ने पुलिस को बताया कि 19 फरवरी को मेरे गांव के ही मेशो राम कोला के घर में देवी पूजा कार्य होने से मुझे आमंत्रित किया गया था। दोपहर में मैं अकेले मेशो राम कोला के घर देवी पूजा कार्य में सम्मलित हुआ, जिसमें गांव के अन्य लोग भी मोजूद थे। दोपहर करीबन 1 बजे देवी पूजा कार्य संपन्न होने के खाना खाने से पहले मेरे गांव के ही केवल सिंह मंडावी शराब के नशे में मुझे देखकर तुम मासूर से भगकर यहां आए हो और गांव में नेतागिरी कर रहे बोलने लगा। वह काफी आक्रोशित हो गया और मुझे जान से मार दूंगा बोलते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए धक्का दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कंवल सिंह मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# रिसेवाड़ा में शांति और सद्भावना के साथ मनाई होली

**नरहरपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम रिसेवाडा में इस वर्ष होली का पर्व शांति, सादगी और आपसी भाईचारे के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। ग्रामवासियों ने परंपरागत रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूरे उत्साह के साथ रंगों के इस पर्व को मनाया। धुरेड़ी से एक दिन पहले रात्रि में ग्राम के सभी लोग एकत्र होकर होलिका दहन स्थल पर पहुंचे। ग्रामीण अपने-अपने घरों से लकड़ी लेकर आए और परंपरा के अनुसार होली की सजावट की।



इसके बाद ग्राम के पुजारी किशोर मांडवी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन की रस्म पूरी कराई। इस दौरान ग्रामीणों ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। ग्रामीण फाग गीत गाते हुए गांव की गलियों में फेरा लगाने निकले। नगाड़ों की ताल और पारंपरिक गीतों पर युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी झूमते नजर आए। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया और लोगों ने नाचते-गाते हुए होली का आनंद लिया। होली के पारंपरिक गीतों को गाने में तिलकराम पटेल, राजेंद्र मांडवी, बृजलाल सिंह, विष्णु पटेल, द्वारिका यादव, वीरेंद्र पटेल, रामेश्वर यादव, जयराम मरकाम, चैतराम पटेल और दिनेश पटेल ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# एसटीएफ बटालियन कैंप जंगलवार में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कांकेर।** जंगलवार स्थित एसटीएफ बटालियन कैंप में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर तथा मेडिकल कॉलेज के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. विमल चंद्र भगत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य जवानों और अधिकारियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करना रहा।



सभी विशेषज्ञों ने सामूहिक रूप से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और उपस्थित जवानों को व्यक्तिगत परामर्श भी दिया। कार्यक्रम के दौरान तनाव, अवसाद, अनिद्रा, कार्य संबंधी दबाव तथा पारिवारिक कारणों से उत्पन्न मानसिक समस्याओं पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, सकारात्मक सोच और समय-समय पर परामर्श लेने से मानसिक समस्याओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तम्बाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। डॉक्टरों ने बताया कि तम्बाकू न केवल कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। जवानों को तम्बाकू त्यागने के लिए प्रेरित किया गया तथा आवश्यक होने पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया। शिविर में उपस्थित जवानों ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। व्यक्तिगत परामर्श सत्रों में कई जवानों ने तनाव और अनिद्रा से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की, जिनका मौके पर समाधान और आवश्यक सलाह प्रदान की गई। आयोजन के अंत में अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि बल के सदस्यों का मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ बना रहे और वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ कर सकें। शिविर में नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. केके ध्रुव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए रचनात्मक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल के अंतर्गत विद्यालय परिवार आमागढ़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार 7 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहां छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश के साथ की गई। इस दौरान विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुमारी मोनिका और कुमारी हर्ष प्रिया ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं ओरिगेमी कला में विवेक ने अपनी कुशलता का प्रदर्शन करते हुए एक आकर्षक चलित बंदूक का निर्माण किया, जिसे देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। इसी तरह युक्ति ने सुंदर कमल का फूल बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। रूपेश और दुर्गा प्रसाद ने मिलकर जहाज का सुंदर मॉडल तैयार किया, जबकि प्रतिभा ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय देते हुए कैमरे का मॉडल बनाकर सभी की सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान ओम ने कागज से बनाए हवाई जहाज को उड़ाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे उपस्थित छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल बन गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र सोमजी का सम्मान रहा। सोमजी ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सोमजी ने अपनी संघर्षपूर्ण सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि वे ग्राम से प्रतिदिन लगभग पांच किमी साइकिल चलाकर विद्यालय पढ़ने आते हैं। गांव में बिजली की समस्या के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लालटेन की रोशनी में कड़ी मेहनत कर यह सफलता हासिल की। उनकी प्रेरणादायक कहानी सुनकर उपस्थित विद्यार्थी भावुक हो गए। कार्यक्रम में प्राचार्य उदे राम भुआर्य, सबल दीवान, बृजेश साहू, विनोद साहू, रामनाथ गोटा, ममता रावटे, अनिल वर्मा, आत्माराम तारमे, भुनेश उसेंडी सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




# विश्व महिला दिवस



**जीवन की कला को अपने हाथो से साकार कर, नारी ने संस्कृति का रूप निखारा हैं,**
**नारी का अस्तित्व ही सुन्दर जीवन का आधार हैं,**
**महिलाओं को दे शिक्षा का उजियारा, पढ़-लिख कर करें रोशन जग सारा...**



आज की महिला अब अबला नारी नहीं रही, उसके पास शिक्षा रूपी हथियार है, जो उसे सशक्त बना दिया है। आज महिला पुरूष के साथ बराबर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहीं है। बात कांकेर जिले की विगत वर्षो से जिले में बालिका शिक्षा व महिला साक्षरता के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य हुए हैं। यही वजह है कि यहां की बालिकाएं उच्च शिक्षा हेतु विभिन्न शहरों में पढ़ाई कर डाक्टर, इंजीनियर, आई पी एस,आई एस बनकर जिले में अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर है। उन्हें अच्छी शिक्षा देना आवश्यक है क्योंकि आज की बालिका कल के भारत का भविष्य है वही महिला बनकर भारत को नई उंचाई पर ले जाकर एक नई इबारत लिखेगी

**श्रीमती सुमित्रा मारकोले**
**पूर्व विधायक**
**विधानसभा क्षेत्र, कांकेर**

**कुछ लोग कहते हैं कि औरत का कोई घर नहीं होता,**
**लेकिन सच तो ये है कि औरत के बिना कोई घर नहीं होता।**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का एक प्रतीक है।

भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का स्वरूप माना गया है, और आज की नारी घर की जिम्मेदारियों से लेकर हर क्षेत्र में देश की प्रगति में योगदान दे रही है। इस विशेष दिन पर हम उन सभी महिलाओं को प्रणाम करते हैं, जिन्होंने अपने साहस, समर्पण और मेहनत से समाज में एक मिसाल कायम की है।

**श्रीमती तारा ठाकुर**
**उपाध्यक्ष**
**जिला पंचायत कांकेर**

**मां, आज मैं जो कुछ भी हूं,**
**सिर्फ आपकी वजह से हूं, आप मेरी प्रेरणा हैं।**



वर्तमान परिपेक्ष्य में महिलाओं की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक सभी क्षेत्रो में दखल रखना होगा एवं इन क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारी भी निभानी होगी। अपने दायित्यों के निर्वहन के द्वारा ही महिलाएं दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपनें अधिकारों के प्रति सजकता एवं उनका उपयोग उन्हे अस्तित्व को कायम रखने मे मदद करेगी। महिलाएं परिवार का स्तम्भ है। अतः उन्हे शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्रों में भी भूमिका निभानी होगी। इन सभी दायित्वों का निर्वहन करने से ही महिला सशक्तिकरण एवं महिला दिवस सही प्रार्थना में सार्थक होगा।

**डॉ. रश्मि सिंह**
**प्राचार्य महर्षि बाल्मीकी महाविद्यालय**
**भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर**

**नारी है शक्ति, नारी है ज्योति, नारी बिना ये दुनिया है खोती।**
**ममता की मूरत, प्रेम की गंगा, हर दुख-दर्द में बनती है संगा।**



आज आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है। यहां तक की अब आर्मी, नेवी और इंडियन एयरफोर्स की हर ब्रांच में महिलाओं की तैनाती हो रही है। ये दिन इन्ही उपलब्धियों का प्रणाम करने का दिन है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है : यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवताः। यानी कि जहां नारियों का सम्मान होता है वही सभी देवता विराजते हैं।

**श्रीमती श्रद्धा सेन**
**कार्यक्रम अधिकारी रासेयो**
**स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पटौद**

**सबका ध्यान रखती हो,**
**सबका दर्द बांटती हो,**
**ईंटों के मकान को घर बनाती हो,**
**मैंने तुम जितना मजबूत किसी को नहीं देखा!**



अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है महिला सशक्तिकरण को आगे ले जाना। एक महिला में आत्म सम्मान, आत्मनिर्डरता व आत्म विश्वास का होना ही सशक्तिकरण है अतः इस दिन को मात्र एक दिवस के रूप में मनाकर महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक पक्षों में सुदृढ़ बनाने हेतु विभिन्न सकारात्मक कदम उठाना प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। तथा इन प्रयासों के साथ महिला सुरक्षा सुनिश्चित किया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए। ताकि वास्तव में समदृष्टि युक्ता समाज की स्थापना हो सके।

**श्रीमती वंदना पटेल**
**व्याख्याता सेजेश पटौद ,**
**विकासखंड कांकेर जिला कांकेर**

**नारी तुम हो दुर्गा, तुम हो सरस्वती,**
**दूसरों को जो राह दिखाए, तुममें है वो शक्ति,**
**हर दिन, हर पल आगे बढ़ती हो,**
**कठिनाइयों से कभी भी पीछे नहीं हटती हो।**

महिलाएं समाज का एक अहम हिस्सा हैं लेकिन वक्त के साथ महिलाएं समाज और राष्ट्र के निर्माण का एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। घर-परिवार से सीमित रहने वाली महिलाएं जब चारदीवारी से बाहर निकल अन्य क्षेत्रों की ओर बढ़ी तो उन्हें अभूतपूर्व सफलता मिलने लगी। खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक, और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा मंत्रालय तक में महिलाएं न केवल शामिल हैं बल्कि बड़ी भूमिकाओं में हैं। महिलाओं की इसी भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

**महिला दिवस का उद्देश्य और महत्व**

भले ही आज दुनिया के तमाम देश और हमारा समाज अधिक जागरूक है लेकिन महिलाओं के अधिकारों और हक की लड़ाई अभी भी जारी है। कई मामलों में महिलाओं को आज भी समान सम्मान और अधिकार नहीं मिले हैं। महिलाओं के इन्हीं अधिकार, सम्मान के लिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कैसे मनाया जाता है**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक खास कार्यक्रम है जिसे लोगों के साथ ही व्यापार, राजनीतिक, समुदायिक, शिक्षण संस्थानों, आविष्कारक, टीवी व्यक्तित्व आदि महिला नेतृत्व के द्वारा 8 मार्च को मनाया जाता है। अन्य महिला अधिकारों को बढ़ावा देने वाली क्रिया-कलाप सहित नाश्ता, रात का भोजन, महिलाओं के मुद्दे, लंच, प्रतियोगी गतिविधि, भाषण, प्रस्तुतिकरण, चर्चा, बैनर, सम्मेलन, महिला परेड तथा सेमिनार जैसे विभिन्न प्रकार कार्यक्रम के आयोजन के द्वारा इसे मनाया जाता है। इसे पूरे विश्व भर में उनके अधिकार, योगदान, शिक्षा की महत्ता, आजीविका आदि के मौके के लिये महिलाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर महिला शिक्षिका को उनके विद्यार्थियों द्वारा, अपने बच्चों के द्वारा माता-पिता को, बहनों को भाईयों के द्वारा, पुत्री को अपने पिता के द्वारा, उपहार अर्थात गिफ्ट् दिया जाता है।

**“ कभी बहु कभी माँ बनकर**
**सबके सुख-दुःख सहकर**
**अपने सब फर्ज निभाती है**
**तभी तो नारी कहलाती है। ”**



दुनिया भर में प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाईयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में यह दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। हमारे भारत देश में महिलाओं ने अपने कर्म व्यवहार और बलिदान से विश्व में आदर्श प्रस्तुत किया है। भारतीय इतिहास में इन महिलाओं के योगदान को कभी भी भुला नहीं जा सकता है। मैं सभी नारी शक्ति को इस दिन की शुभकामनाएं देती हूं।

**श्रीमती रूखमणी उईके**
**अध्यक्ष**
**भाजपा महिला मोर्चा, जिला कांकेर**

**नारी तुम सृष्टि में जीवन का आधार हो,**
**नारी तुम शक्ति का अवतार हो,**
**टूटी हुई उम्मीदों की एक मात्र आस हो**
**परिवार रुपी नाव की तुम ही तो पतवार हो।।**



नारी जो जन्म देती है, नारी जो राखी बांधती है, नारी जो पत्नि बनती है, नारी जो आंसु पोछती है, नारी के शक्ति के रूप अलग-अलग, मगर नारी जो देश का गौरव, नारी जो देश का अभिमान है। नारी से ही देश की शान है। नारी शक्ति को प्रणाम है।

**श्रीमती हेमलता वैष्णव**
**संचालिका प्रतिभा मंच कांकेर एवं**
**सदस्य किशोर न्याय बोर्ड कांकेर**

**मां के साथ ममता मिलती है,**
**बहन से मिलता है हमेशा दुलार,**
**नारी शक्ति को पूजनीय समझो,**
**ये लगाती है जीवन की नैया पार।**
**नारी के बिना पुरुष अधूरा है, नारी से ही घर पूरा है।**



यह बात सही है कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रहीं है। लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज भी कई जगहों पर उन्हें लैंगिक असमानता, भेदभाव झेलना पड़ता है। शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर रोजगार तक पुरूषों और महिलाओं के बीच एक गहरी खाई नजर आती है, महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के लिए हर नारी को जागरूक करना आवश्यक है।

**सुमन कौर**

**सबका ध्यान रखती हो,**
**सबका दर्द बांटती हो,**
**ईंटों के मकान को घर बनाती हो,**
**मैंने तुम जितना मजबूत किसी को नहीं देखा!**



महिलाओं को अपने आप पर आत्मविश्वास होना चाहिए। महिलाएं जो कार्य करती है, उसे अपनी योग्यता व स्व विवेक से संपादित करना चाहिए। आज के समय में महिलाओं को स्वयं प्रत्येक कार्य करने के लिए सक्षम होना चाहिए। यह युग समानता का युग, जिसमें महिलाओं को स्वयं अपनी जिम्मेदारी को निर्वाह करना चाहिए।

**डॉ. सुधा खापर्डे**
**(पीएचडी इतिहास)**
**व्याख्याता संस्कृत, शाउमा शाला भीरागांव, भानुप्रतापपुर**

**कुछ लोग कहते हैं कि औरत का कोई घर नहीं होता,**
**लेकिन सच तो ये है कि**
**औरत के बिना कोई घर नहीं होता।**



अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की आप सभी को बधाई। वर्तमान समय में महिलाएं स्वयं प्रेरित होकर अपनी राह बना रही है। महिलाएं शहरी हो या ग्रामीण सशक्तिकरण का भाव परिलक्षित हो रहा है। सामाजिक, आर्थिक एवम राजनीतिक क्षेत्र मे दखल दिखाई दे रही है। महिलाओं का हौसला आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान ही उन्हे शिखर तक पहुंचाएगी।

**श्रीमती शांति नरेटी**
**प्रभारी**
**सेन्ट्रल लाईब्रेरी कांकेर**

**क्यों कहती है दुनिया कि नारी कमजोर है,**
**आज भी नारी के हाथों में**
**घर चलाने की डोर है।**